# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (29.09.2024)

**PRABHAT KHABAR,MUZAFFARPUR, DATE : 29.09.2024, PAGE-04**

### बीआरएबीयू. ट्रेडिशनल, वोकेशनल व स्कॉलर के लिए अलग शुल्क तय

# बीआरएबीयू के छात्रावास शुल्क में बढ़ोतरी, प्रत्येक वर्ष होगा आवंटन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने पीजी छात्रावासों के शुल्क में बढ़ोतरी की है. विवि ने 23 वर्ष बाद छात्रावास शुल्क को रिवाइज किया है. छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें और साफ-सफाई से लेकर अन्य कमियों को दूर किया जाए, इसके वास्ते विवि प्रशासन ने यह निर्णय लिया है.

शनिवार को कुलपति प्रो डीसी राय की अध्यक्षता में हुई छात्रावास कल्याण समिति की बैठक में इसपर स्वीकृति मिल गयी है. रिवाइज्ड शुल्क के तहत अब स्नातक व पीजी के छात्रों को प्रति वर्ष 3600 रुपये शुल्क देना होगा. पहले यह शुल्क 1550 रुपये था. वहीं वोकेशनल के विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 2550 की जगह 4800 रुपये और पीएचडी के शोधार्थियों को प्रति वर्ष पांच हजार रुपये छात्रावास का शुल्क देना होगा.

## वर्ष पूरा होने पर फिर से आवेदन करना होगा

अब छात्रावास एक वर्ष के लिए ही आवंटित होगा. वर्ष पूरा होने पर फिर से आवेदन करना होगा. इसके बाद छात्रों को फिर से छात्रावास आवंटित किया जाएगा. सत्र पूरा होने के बाद भी वर्षों से छात्रावास में अवैध तरीके से रह रहे छात्र-छात्राओं के मुद्दे को विश्वविद्यालय ने गंभीरता से लिया है. कहा है कि परीक्षा समाप्त होने के बाद तीन दिनों में उन्हें छात्रावास खाली करना होगा. ऐसा नहीं होने पर प्रतिदिन 100 रुपये जुर्माना लगेगा. यह भी अधिकतम 10 दिनों तक. परीक्षा समाप्त होने के बाद भी कई छात्र-छात्राओं ने कमरों में ताले लगा रखे हैं. इस कारण नये सत्र के छात्रों को छात्रावास में कमरा आवंटित नहीं किया जा रहा है. इसको देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र हित में यह निर्णय लिया है. डीएसडब्ल्यू डॉ आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में नामांकन शुल्क में बढ़ोतरी समेत अन्य मुद्दों को भी रखा गया. बैठक में मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ सतीश राय, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ संगीता रानी, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ शिवानंद सिंह, विश्वविद्यालय मैथिली विभागाध्यक्ष डॉ आइडी झा, वार्डन डॉ पुष्पा, प्रॉक्टर डॉ बीएस राय समेत अन्य सदस्य शामिल हुए.



- 23 वर्षों के बाद विश्वविद्यालय ने फीस में की बढ़ोतरी
- परीक्षा समाप्ति होने के तीन दिन बाद खाली करना होगा छात्रावास
- ऐसा नहीं करने पर प्रतिदिन जुर्माना के रूप में देना होगा 100 रुपये

### महिला छात्रावासों में ओपेन जिम की स्वीकृति

छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य को लेकर ओपेन जिम लगायी जाएगी. छात्रावास कल्याण समिति की बैठक में इसपर स्वीकृति मिल गयी है. यहां छात्राएं फिटनेस को बेहतर कर सकेंगी. छात्रावास संख्या एक, तीन और चार में वर्षों से बंद पड़े कमरों का ताला तोड़ने का निर्णय लिया गया है. इसकी वीडियोग्राफी करायी जाएगी और इसके बाद इन कमरों का नये सिरे से आवंटन किया जाएगा. गर्मी व ठंड के दिनों में शाम के बाद छात्रावासों में आने-जाने का समय निर्धारित किया गया है. शाम 6.15 बजे के बाद कोई भी छात्रा छात्रावास से बाहर नहीं निकलेंगी. परीक्षा या विशेष परिस्थिति में सुप्रिटेंडेंट की पूर्व अनुमति से ही उन्हें बाहर जाने की अनुमति मिल सकेगी.

### परिसर का सौंदर्यीकरण, बैडमिंटन कोर्ट बनेगा

महिला छात्रावास परिसर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा. मिट्टी भराई के साथ ही रनिंग ट्रैक का निर्माण होगा. यहां बैडमिंटन कोर्ट भी स्थापित किया जाएगा. परिसर में बिजली, पेयजल, लाइटिंग समेत अन्य सुविधाएं मुहैया करायी जाएंगी. साफ-सफाई को लेकर भी अनुमति दे दी गयी है. छात्रावास संख्या दो में निर्माण कार्य पूरा नहीं होने व भुगतान के पेंच पर भी चर्चा की गयी.

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR,**
**DATE:29.09.2024, PAGE-06**

## विश्वविद्यालय के हॉस्टल फीस में दोगुने की बढ़ोतरी

- पीएचडी कोर्स के लिए 2500 की जगह 5000 का प्रस्ताव
- विवि छात्र आवास एवं कल्याण समिति की बैठक में मुहर

मुजफ्फरपुर, वरीय संवाददाता। बीआरएबीयू के छात्र आवास एवं कल्याण समिति की बैठक शनिवार को कुलपति डॉ. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में हुई। उनके कार्यालय कक्ष में हुई बैठक में हॉस्टलों की फीस में वृद्धि के अलावा कई अन्य एजेंडों पर मुहर लगी।

छात्र कल्याण के डीन डॉ. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में सभी विभागों के अध्यक्ष मौजूद रहे। सबसे पहले हॉस्टल की फीस बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर सदस्यों के बीच चर्चा हुई। इसमें सबने एक स्वर में बढ़ोतरी किए जाने के प्रस्ताव पर मुहर लगाई। सभी का कहना था कि अंतिम बार 2001 में हॉस्टल की फीस बढ़ाई गई थी। नई दर के अनुसार सामान्य पीजी कोर्स के 1550 से 3600 रुपये सालाना फीस का प्रस्ताव किया गया है। वोकेशनल कोर्सेज के लिए यह फीस 2500 से 4800 रूपये सालाना, पीएचडी कोर्स के लिए 2500 से 5000 रुपये सालाना रखा गया है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा समाप्ति के तीन दिन के भीतर छात्रों को हॉस्टल खाली करना होगा। वे 10 दिन तक प्रतिदिन 50 रुपया जुर्माना देकर रह सकते हैं। इसके बाद उनको हर हाल में कमरा खाली करना होगा।

समिति ने सभी पीजी हॉस्टल में ओपन जिम के अलावा मनोरंजन कक्ष बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके साथ ही मेस बनाते हुए हॉस्टल में हीटर जलाने को प्रतिबंधित करने का भी निर्णय लिया गया। सिंह ने कहा कि बैठक में प्रस्तुत किए गए सभी 12 प्रस्तावों को सदस्यों ने सर्वसम्मति से पारित कर दिया। बैठक में मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार राय, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता रानी, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. शिवानन्द सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 29.09.2024, PAGE-06**

## विवि के हित में काम करें सीनेट सदस्य : कुलपति

मुजफ्फरपुर। रामबृक्ष बेनीपुरी महिला महाविद्यालय में शनिवार को नवनिर्वाचित सीनेट सदस्यों को सम्मानित किया गया। वीसी डॉ. दिनेश चंद्र राय ने सीनेटरों को विवि के हित में काम करने की सलाह दी। कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्ण ने सदस्यों को शुभकामना दी। प्राचार्य डॉ. ममता रानी ने अंगवस्त्र और फूल का पौधा देकर उनका स्वागत किया। मौके पर कुलपति की पत्नी विभा रॉय, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज डॉ. राजीव कुमार, एलएनटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार आदि थे।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 29.09.2024, PAGE-04**

# छात्रावास शुल्क अब 3600 रुपये सालाना

## कुलपति की अध्यक्षता में छात्र आवास व कल्याण समिति की बैठक में बनी सहमति

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 23 वर्षों के बाद छात्रावासों का शुल्क बढ़ेगा। इनके बेहतर संचालन और विद्यार्थियों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यह कदम उठाया गया है।

पीजी और स्नातक के छात्रावासों के लिए अब 1550 रुपये के बदले सालाना 3600 रुपये देने होंगे। वहीं वोकेशनल के विद्यार्थियों को अब सालाना 2550 के बदले 4800 तो पीएचडी के शोधार्थियों को पांच हजार सालाना छात्रावास शुल्क देना होगा। विद्यार्थियों को एक वर्ष के लिए इसका आवंटन होगा। हर वर्ष उन्हें नवीकरण कराना होगा। परीक्षा समाप्त होने के बाद तीन दिनों तक उन्हें छात्रावास खाली करना होगा। अगर ऐसा नहीं होता है तो प्रतिदिन 100 रुपये का जुर्माना देना होगा। अधिकतम 10 दिनों में कमरा खाली करना होगा। छात्रावासों में परीक्षा समाप्त होने के बाद भी कई महीनों तक विद्यार्थी रह रहे हैं। इस कारण जरूरतमंदों को आवंटन नहीं हो रहा है। शनिवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में छात्र आवास एवं कल्याण समिति की बैठक हुई। इसमें कई फैसले लिए गए। डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में नामांकन शुल्क में बढ़ोतरी समेत सुविधाओं को बेहतर करने पर विचार किया गया है। इसमें मानविकी संकायाध्यक्ष डा. सतीश कुमार राय, सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डा. संगीता रानी, विज्ञान संकायाध्यक्ष डा. शिवानंद सिंह, विश्वविद्यालय मैथिली विभागाध्यक्ष डा. आइडी झा, वार्डन डा. पुष्पा कुमारी, प्राक्टर डा. बीएस राय और डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह समेत दो कालेज के प्राचार्य मौजूद रहे।

**महिला छात्रावास में मेस का संचालन :** महिला छात्रावासों में मेस का संचालन होगा। इसकी सहमति बनी है। पहले मेस का संचालन किया जाता था, लेकिन गर्मी की छुट्टियों के बाद मेस का संचालन बंद है। इसे दुबारा शुरू किया जाएगा। वहीं महिला छात्रावासों में ओपन जिम लगाया जाएगा। तय हुआ कि शाम छह बजकर 15 मिनट के बाद छात्रा हास्टल से बाहर नहीं जा सकेंगी।

**23** वर्षों के बाद बढ़ेगा शुल्क बुनियादी सुविधाएं बेहतर करने के लिए लिया गया निर्णय

**1** वर्ष के लिए आवंटन, हर साल नवीकरण जरूरी, परीक्षा खत्म और तीन दिनों बाद करना होगा खाली

### छात्रावास शुल्क का विवरण

| कोर्स | अब तक का शुल्क | नया शुल्क |
|---|---|---|
| यूजी-पीजी | 1550 | 3600 |
| वोकेशनल | 2550 | 4800 |
| पीएचडी | 2550 | 50000 |



### महिला छात्रावासों में बदलेगी व्यवस्था

- छात्रावास परिसर का सौंदर्यीकरण, मिट्टी भराई के बाद रनिंग ट्रैक, ओपन जिम और बैडमिंटन कोर्ट की व्यवस्था
- परिसर का सौंदर्यीकरण, सीसीटीवी, मनोरंजन गृह की सुविधा बेहतर करने और इंडोर में खेलकूद की व्यवस्था
- छात्रावास के लिए एक-एक पुरुष नाइट गार्ड या दरबान की व्यवस्था
- ग्राउंड फ्लोर के कमरों की खिड़कियों में जाली लगेगा
- कामन रूम में टीवी, पंखा और कुर्सी की व्यवस्था
- छात्रावास की बाउंड्री पर कंटीला तार लगेगा
- परिसर में वेपर लाइट की व्यवस्था होगी

### विश्वविद्यालय के प्रोजेक्ट मेरू की समीक्षा करेंगे प्रधान सचिव

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के प्रोजेक्ट मेरू (मल्टीडिसीप्लीनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी) की समीक्षा अब राज्य सरकार के प्रधान सचिव करेंगे। रजिस्ट्रार डा. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि प्रोजेक्ट संबंधी पीपीटी सरकार को भेजा गया है। अगले सप्ताह प्रधान सचिव के समक्ष विश्वविद्यालय अपना प्रेजेंटेशन देगा। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रेजेंटेशन के लिए दिल्ली से बुलावा आने की उम्मीद है। राष्ट्रीय स्तर पर मेरू प्रोजेक्ट में चयन होने के बाद विश्वविद्यालय को पीएम उषा से 100 करोड़ का अनुदान मिलेगा। इससे रिकार्डिंग स्टूडियो, अलग - अलग छात्रावास, लैब, प्रयोगशाला, इंडोर स्टेडियम समेत अन्य सुविधाएं मिलेंगी।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:29.09.2024, PAGE-04**

# शहर के 13 केंद्रों पर बीएड प्रवेश परीक्षा आज

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से शहर के 13 केंद्रों पर चार वर्षीय बीएड की प्रवेश परीक्षा रविवार को होगी। इसमें परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ एक पहचान पत्र लेकर जाना होगा। परीक्षा शुरू होने के आधे घंटे बाद केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा 11 से एक बजे तक चलेगी। परीक्षा में आब्जेक्टिव सवाल पूछे जाएंगे। केंद्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ उड़नदस्ता टीम का भी गठन किया गया है।। सभी केंद्रों पर आब्जर्वरों की नियुक्ति की गई है। वैसे परीक्षार्थी जिनके प्रवेश पत्र पर फोटो अंकित नहीं हैं, वे अपने साथ फोटो लेकर केंद्र पर जाएंगे।। विश्वविद्यालय के तहत आने वाले चार कालेजों में कुल 400 सीटों पर नामांकन के लिए करीब 8100 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**



DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 29.09.2024, PAGE-06


## मेरू प्रोजेक्ट : बिहार विवि का प्रजेंटेशन अगले सप्ताह पटना में

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विवि ने मेरू (मल्टीडिसीप्लीनरी एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी) प्रोजेक्ट हासिल करने की दिशा में एक और कदम बढ़ा दिया है। विवि की ओर से राज्य को प्रोजेक्ट से संबंधित पीपीटी भेजे गए हैं। इसमें पीजी विभागों को सुदृढ़ करने, उच्चस्तरीय लैब, खेल मैदान, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, स्टूडियो आदि के निर्माण का प्रस्ताव है। अगले सप्ताह प्रिंसिपल सेक्रेटरी के समक्ष विवि को प्रजेंटेशन के लिए बुलाया जाएगा। सब ठीक रहा तो इसके बाद दिल्ली में प्रजेंटेशन दिखाना है। मेरू के लिए सेलेक्ट होने के बाद विवि को इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट समेत अन्य प्रोजेक्ट के लिए पीएम उषा फंड से 100 करोड़ रुपए मिलेंगे। मेरू के लिए राज्य स्तर पर 4 विवि चयनित हैं। बिहार विवि में इसके लिए सीसीडीसी नोडल अधिकारी हैं। पिछले महीने पीएम-उषा के पोर्टल पर विवि की ओर से प्रोजेक्ट सबमिट किया गया था। अब पीपीटी बनाकर सरकार को भेजा गया है। कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि तैयारियों की समीक्षा प्रिंसिपल सेक्रेटरी करेंगे।


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 29.09.2024, PAGE-06


## इंटीग्रेटेड बीएड की प्रवेश परीक्षा आज

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विवि की ओर से 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स में नामांकन को लेकर रविवार को शहर के 13 केंद्रों पर प्रवेश परीक्षा होगी। इसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विवि के स्तर से सभी केंद्रों पर एक-एक पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की गई हैं। विवि की ओर से फ्लाइंग स्क्वायड दस्ता तैनात किया गया है। टीम-1 में प्रो.प्रमोद कुमार और प्रो.अरविंद कुमार, टीम-2 में डॉ. राजीव झा और डॉ. विनोद बैठा, टीम-3 में डॉ. राजीव कुमार और डॉ. राजेश्वर कुमार के साथ ही टीम-4 में डॉ. आलोक प्रताप सिंह व डॉ. अमर बहादुर शुक्ला को शामिल किया गया है। राज्य नोडल ऑफिसर प्रो.बीएस राय ने बताया कि परीक्षा सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक चलेगी। परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले मुख्य द्वार बंद हो जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:...........................**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE:29.09.2024, PAGE-06

# यूनिवर्सिटी और कॉलेज के शिक्षकों को करना है इंडियन नॉलेज सिस्टम का कोर्स

**एनईपी 2020 : 2 अक्टूबर तक आवेदन की अंतिम तिथि, यूजीसी ने जारी किया निर्देश**

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

यूनिवर्सिटी और कॉलेज के शिक्षकों को अनिवार्य रूप से इंडियन नॉलेज सिस्टम पर आधारित 6 दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स करना होगा। मार्च 2025 तक 10 हजार शिक्षक व एक हजार रिसर्च स्कॉलर को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रशिक्षण बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (यूजीसी एचआरडीसी) सहित देशभर के 75 संस्थानों में संचालित किया जाएगा। यूजीसी की ओर से इसको लेकर सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों को दिशा-निर्देश जारी किया गया है। साथ प्रशिक्षण के लिए 2 अक्टूबर तक आवेदन की तिथि तय की गई है। आवेदन की प्रक्रिया संस्थान की ओर से पूरी की जानी है। यूजीसी के सेक्रेटरी ने कहा है कि इसके बाद आने वाले आवेदनों कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इंडियन नॉलेज सिस्टम को यूजी और पीजी के सिलेबस का हिस्सा बनाया गया है। ऐसे में यूजीसी ने फैकल्टी मेंबर और रिसर्च स्कॉलर को भी ट्रेनिंग देने की पहल की है। इससे यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में शिक्षक बच्चों को बेहतर तरीके से पढ़ा सकेंगे। इंडियन नॉलेज सिस्टम पर यूजीसी ने ऑनलाइन कोर्स तैयार किया है। 31 जुलाई से ऑनलाइन क्लास स्वयम पोर्टल पर चल रही शिक्षण संस्थानों को इस कोर्स से जोड़ा गया है। कोर्स में भारतीय तर्कशास्त्र, भारतीय भाषा विज्ञान, इंडियन आर्किटेक्चर, भारतीय धातुकर्म, भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था जैसे विषय शामिल किए गए हैं। ऑनलाइन कोर्स में छात्रों को वीडियो लेक्चर, रीडिंग मेटेरियल्स, सेल्फ असेसमेंट एग्जाम, ऑनलाइन डिस्कशन और डाउट क्लियरिंग फॉर्म की सुविधाएं मिलेंगी। छात्र इंडियन नॉलेज सिस्टम

## तीन हिस्से में तैयार किया गया है सिलेबस

इंडियन नॉलेज सिस्टम पर ऑनलाइन कोर्स तीन भागों में बांटे गए हैं। इसे इंजीनियरिंग, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मानविकी और सामाजिक विज्ञान सेक्शन में बांटकर तैयार किया गया है। इस कोर्स को ऑनलाइन करने के इच्छुक छात्र स्वयम के ऑफिशियल पोर्टल swayam.gov.in पर जाकर एडमिशन ले सकते हैं। कोर्स में यूनिट मेजरमेंट, नंबर सिस्टम, अर्थमेटिक, एस्ट्रोनॉमी, नॉलेज फ्रेमवर्क, साइकोलॉजी और टाउन प्लानिंग जैसे टॉपिक्स पढ़ाए जाएंगे। इसके अलावा छात्र आर्किटेक्चर प्रोग्राम की भी पढ़ाई कर सकते हैं।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 29.09.2024, PAGE-06

**बीआरएबीयू • विवि के हॉस्टल में अनाधिकृत रूप से कब्जा जमाए रहते हैं स्टूडेंट्स**

# परीक्षा खत्म होने के बाद 3 दिन में खाली करना होगा हॉस्टल, नहीं तो रोजाना 100 रुपए जुर्माना

**होगा बेहतर संचालन : 23 साल बाद बढ़ाया जाएगा शुल्क**



**शाम 6.15 के बाद छात्राओं को बाहर निकलने की अनुमति नहीं**

**गर्ल्स हॉस्टल के लिए यह निर्णय**

**गर्ल्स हॉस्टल नंबर 2 जल्द होगा पूरा**

**मेरा प्रोजेक्ट : बिहार विवि का प्रजेंटेशन अगले सप्ताह पटना में**